तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 18 जुलाई 2024

12 हाइवे पर बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था



12 पानी निकासी के लिए कब्जे हटाने के आदेश



## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार व सौरभ को गिरफ्तार किया है। तंदवाल के कृष्ण सिंह ने 15 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने तंदवाल में उसके पोते दिनेश उर्फ काकू को लाठी, डंडों, तलवार से मारपीट करते हुए घायल कर जान से मारने की धमकी दी है।

### प्रकृति की यही पुकार, पेड़ लगाओ बीमारी भगाओ

**घरौंडा।** सिर्फ पेड़ पौधे ही बीमारियों से निजात दिला सकते है श्री रामलीला कमेटी घरौंडा एवं युवा सेवा संगठन के द्वारा 'वृक्षारोपण अभियान 2024' के तहत आज 60 पौधे रोपित किए गए , सभी सदस्यों द्वारा पौधे की देखभाल की जिम्मेवारी ली गई l इस मौके पर देव गुप्ता, अनुप गुप्ता, तुषार गुप्ता, राजन मिश्रा उपस्थित रहे l

### सूने घर से नकदी व गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत की उझा रोड स्थित साई कालोनी निवासी सोनू के कमरे से चोरों ने नगदी व गहने चोरी कर लिए। वहीं सोनू की शिकायत पर चांदनीबाग थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने मित्तल मेगा मॉल के भूत बंगला में ननद व भाभी से छेड़छाड़ करने वाले दोनों आरोपियों प्रदीप निवासी गांव कवि जिला पानीपत व अनीश निवासी गांव बुसाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

### कातिलाना हमले में तीन आरोपियों को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने तहसील कैंप के कृष्णा नगर निवासी धर्मेंद्र के साथ हुई कहासुनी के बाद उसके बड़े भाई दीपक को घर से बुलाकर पिस्तौल से गोली मारकर जानलेवा हमला करने मामले में तीन आरोपियों अंकुश मनोचा, हिमांशु व अमनदीप को गिरफ्तार किया है।

# सरकारी स्कूल की दीवार पर चढ़ा तेंदुआ, बच्चों ने देखा तो खेतों के रास्ते भागा

## तेंदुआ देखे जाने के बाद बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल की छुट्टी कर दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- बच्चों के बाहर निकलने पर अभिभावकों ने लगाई पाबंदी
- ग्रामीणों में दहशत

मारकंडा नदी पार के गांव ठाकुरपुरा में सरकारी स्कूल की दीवार पर बच्चों ने तेंदुआ देख लिया। घबराए शिक्षकों ने तुरंत स्कूल की छुट्टी कर दी। साथ ही अभिभावकों को अपने बच्चों का ख्याल रखने की बात कही गई। खेतों के रास्ते तेंदुआ भाग गया। शिवालिक के जंगलों से आए इस तेंदुए की वजह से ग्रामीण दहशत में है। दरअसल बुधवार की सुबह जब स्कूल में बच्चे अपनी अपनी कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे थे। तभी उन की नजर खिड़की से बाहर दीवार पर चल रहे तेंदुए पर पड़ गई। इसके बाद बच्चे सहम गए। कई बच्चे तो डर के मारे रोने लगे । तभी पीटीआई अध्यापक ने हिम्मत जुटाकर बाहर निकला। हालांकि तब तक तेंदुआ खेतों में कूद चुका था। इसके बाद अध्यापकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को मामले से अवगत कराया। ग्राम पंचायत कलाल्टी को भी सूचित किया गया। तब बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल की छुट्टी कर दी गई। स्कूल प्रिंसिपल ने वन्य प्राणी विभाग को मामले की सूचना दी। अब विभागीय कर्मचारी मामले की जांच कर रहे हैं। उधर स्कूल की दीवार पर तेंदुआ देखे जाने का मामला सामने आया तो बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल की छुट्टी कर दी गई। स्कूल की दीवार पर तेंदुआ देखे जाने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई । स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक बच्चों को लेने स्कूल पहुंच गए। हालांकि वन्य प्राणी विभाग की टीम को अभी तक इलाके में कहीं भी तेंदुआ होने के प्रमाण नहीं मिले। बरसात की वजह से अभी जानवर को तलाशने का अभियान रोका गया है। तेंदुए की दहशत की वजह से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। किसान भी खेतों में बिना हथियार और अकेले जाने से बच रहे हैं। छोटे बच्चों के भी घर से बाहर निकलने पर परिजनों द्वारा पाबंदी लगाई गई है।

ग्रामीण राहुल वालिया,सुरेन्द्र सिंह,मनमोहन सिंह, सागर, दीपक,मोहित ,बिट्टू आदि ने कहा कि पिछले 5 दिनों से पूरे क्षेत्र में तेंदुए को देखे जाने की बात सामने आ रही है । जहां तेंदुए ने एक बच्चे को शिकार बनाया है वहीं कुछ कुत्तों की मौत होने की भी बात सामने आई है। अब ठाकुरपुरा में तेंदुए को देखे जाने का मामला सामने आया है।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी यह मानने को तैयार ही नही है कि कोई घातक जंगली जानवर क्षेत्र में उतरा हुआ है। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं



मौका दिखाते हुए पीटीआई टीचर

### पीटीआई बोला मेरे सामने खेतों में भागा

राजकीय उच्च विद्यालय ठाकुरपुरा के पीटीआई अनिल ने बताया कि स्कूल में हर रोज की तरह कक्षाएं लगी हुई थी। तभी बच्चों ने एक तेंदुए को दीवार पर चढ़े हुए देखा और उन्हें बताया गया । इसके बाद उसने बाहर निकलकर दीवार पर चढ़ कर देखा तो पहले उन्हें खेतों की तरफ कुछ भी नही दिखाई दिया। तब साथ लगते खेत मालिक को भी सूचित कर दिया गया। जब खेत का मालिक हाथ मे लाठी लिए हुए खेत के एक कोने पर खड़ा था तभी एक तेंदुए जैसे दिखाई देने वाले जंगली जानवर ने खेतों से निकला और उंच जंप लगाया। इसके बाद वह खेतों के रास्ते आगे की तरफ भाग गया। अनिल कुमार ने कहा कि वह जानवर तेंदुए जैसा दिखाई दे रहा था। हालांक शिक्षक ने उसकी लंबाई कुछ कम होने की बात कही है।

### मौके का मुआयना किया जा रहा

अध्यापक द्वारा तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिलने हमने एहतियातन बच्चों की छुट्टी करा दी थी । वहीं वन्य प्राणी विभाग सहित पुलिस को भी सूचित कर दिया था । मौके का मुआयना किया जा रहा है।

देवेंद्र वालिया, सरपंच ठाकुरपुरा

### संभावित जगह पर पिंजरे लगाएं जाएंगे

सूचना के आधार पर मौके का मुआयना किया गया है। एहतियात के तौर पर हम संभावित जगह पर पिंजरा लगाएंगे । बारिश होने के चलते वहां किसी प्रकार के पांव के निशान नहीं मिले है।

राकेश कुमार, इंस्पेक्टर, वन्य प्राणी विभाग

# कुवि स्पेन के विश्वविद्यालयों के साथ करेगा एक्सचेंज कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया स्पेन के विश्वविद्यालयों का अवलोकन

अखिल भारतीय विवि संघ (ए.आई.यू.) द्वारा भारत और स्पेन के क्रू विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक साझेदारी को लेकर हुए ऐतिहासिक समझौते के तहत कुरुक्षेत्र विवि स्पेन के विश्वविद्यालयों से रिसर्च, फैकल्टी एवं स्टूडेंटस एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस आशय की घोषणा कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भारत के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में स्पेन के विश्वविद्यालयों का अवलोकन कर लौटने के पश्चात अभिव्यक्त किए। कुलपति ने कहा कि अखिल भारतीय विवि संघ द्वारा भारत के कुलपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह के लिए स्पेन के विश्वविद्यालयों के अवलोकन के लिए गया था। ए.आई.यू. के तत्वावधान में भारत के 20 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने स्पेन की विगो यूनीवर्सिटी,बार्सिलोना यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी अबात ओलिबा सीईयू, आटोनोमस यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना,पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी कैटेलोनिया सहित 25 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर ऐतिहासिक समझौता किया। इस संदर्भ में कुरुक्षेत्र विवि के लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सचदेवा ने भारत के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में 7 से 11 जुलाई तक स्पेन के अनेक विश्वविद्यालयों की फैकल्टी के साथ रिसर्च, फैकल्टी एवं स्टूडेंटस एक्सचेंज कार्यक्रम के विषय में विस्तार से चर्चा की।

# झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत, सड़कें हुई जलमग्न

## कई जगह सीवर बैक मारने से खाली पड़े प्लाटों में पानी भर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अधिकतम तापमान में भी गिरवाट दर्ज की गई

धर्मनगरी में लोगों के लिए बुधवार की सुबह गर्मी से राहत लेकर आई। सुबह ही आसमान में छाए बादलों ने साढे 9 बजे के बाद बरसना शुरू किया तो शहर भर की सड़कें पानी से लबालब हो गई। करीब दो घंटे भर में हुई करीब 22 एमएम बारिश ने उमस भरी गर्मी को धो दिया। बारिश किसानों और आमजन के लिए लाभदायक रही। इससे अधिकतम तापमान में भी गिरवाट दर्ज की गई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। पर्यावरण में नमी का मात्रा भी 69 फीसद तक रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी आने वाले दो-तीन दिन मौसम इसी तरह परिवर्तनशील रहेगा। तेज बारिश के चलते शहर में व सेक्टरों में सड़कें पानी से लबालब हो गई। कई जगह सीवर बैक मारने से खाली पड़े प्लाटों में पानी भर गया। वाहन चालकों को सड़कों पर पानी खड़ा होने से परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि फसलों के लिए यही बारिश लाभदायक रही। इन दिनों किसानों को धान की पकाई के लिए ज्यादा पानी की जरूरत पड़ती है। दोपहर एक बजे तक आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद धूप निकली।



कुरुक्षेत्र। बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### फसलों के लिए रही फायदेमंद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि इन दिनों में बारिश फायदेमंद रहती है। बारिश से जहां फसलों को लाभ मिलता है वहीं पर्यावरण से धूल कण बैठने पर शुद्धता भी आती है। अभी आने वाले दो तीन दिन तक मौसम इसी तरह परिवर्तनशील रहेगा और बूंदाबांदी के आसार रहेंगे।

### झमाझम हुई बारिश से मौसम बना सुहावना



यमुनानगर में हुई बरसात में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते हुए लोग।

. **यमुनानगर।** लंबे अर्से से मौसम में बनी उमस व गर्मी की तपिश झेल रहे जिलेवासियों को बुधवार को हुई झमाझम बारिश से राहत मिली। बारिश होने से मौसम खुशगवार बन गया। वहीं, बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल गए। बुधवार सुबह जब लोग नींद से जागे तो आसमान में कहीं-कहीं बादल छाए हुए थे और मौसम में उमस व गर्मी की तपिश बनी हुई थी। लोग अपने काम धंधों पर पसीना-पसीना हो रहे थे। मगर दस बजे के करीब अचानक आसमान में घने बादल छा गए और बारिश शुरु हो गई। करीब दो घंटे तक जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। आलम यह रहा कि बारिश थमने के बाद भी शाम तक आसमान में बादल छाए रहे और मौसम सुहावना बना रहा।

### मौसम का मिजाज देखकर प्रशासन हुआ अलर्ट

पहाड़ी क्षेत्रों समेत जिले के मैदानी इलाकों में बारिश होने व आसमान में छाए बादलों को देखकर प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रशासन ने यमुना नदी व बरसाती नदियों के बाढ़ प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। हालांकि अभी तक यमुना नदी में जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा है।

# युवाओं के भविष्य से खेल रहा भर्ती रोको गैंग: बड़ौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

- घरौंडा पहुंची भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा

सरकारी नौकरियों में कोर्ट केस के माध्यम से अड़चन लगाने पर प्रदेश में निकली भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा बुधवार को घरौंडा पहुंची। क्षेत्र से भारी संख्या में युवाओं ने भगवान विश्वकर्मा चौंक पहुंचकर यात्रा का समर्थन किया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि रोजगार के दुश्मन भर्ती रोको गैंग का सामाजिक व राजनीतिक बहिष्कार किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओ के समर्थकों द्वारा सरकारी भर्तियों के खिलाफ कोर्ट केस दायर करने पर उनकी शव यात्रा निकाल बेनकाब करने का प्रण लिया है। संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भर्ती रोको गैंग के खिलाफ निकली शव यात्रा प्रदेश के हर जिले में जाएगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं की नौकरी में सबसे बड़ी बाधा भर्ती रोको गैंग है। जब भी किसी युवा को नौकरी देने की बात आती है या सरकार रिजल्ट घोषित करती है तो भर्ती रोको गैंग के पेट में मरोड़े लगने शुरू हो जाते हैं। वे कोर्ट आदि को हथियार बनाकर उनकी नौकरी छीनने की कोशिश कर रहे हैं। अबतक भर्ती रोको गैंग से उनकी कानूनी लड़ाई थी, लेकिन अब उन्होंने सामाजिक लड़ाई से उन्हें प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब करने का बीड़ा उठाया है।

सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि इनकी कारगुज़ारियों के कारण हजारों गरीब युवाओं के भविष्य पर बेरोजगारी का संकट मंडराने लगा है। उनकी नौकरी जाने के आदेश जारी होने पर कांग्रेस नेता अखबारों में बयान देकर जश्न मना रहे हैं, जबकि गरीब बेरोजगारों के परिवार आंशू बहा रहे हैं। कांग्रेस राज में नौकरियों की खुली बोली लगती थी। दलाल गली गली घूमते थे। ग़रीब परिवार के लिए सरकारी नौकरी सपना थी, लेकिन अब गरीबों को भी बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरी मिलने लगी है तो कांग्रेस नेताओं को दर्द होता है। इनका हक हड़पने के लिए दोनों नेताओं के गुर्गे तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। यात्रा के माध्यम से गरीब युवाओं से भर्ती रोको गैंग के खिलाफ संगठित होने की अपील की जा रही है। भर्ती रोको गैंग पार्टी का बहिष्कार करने की पुरजोर कोशिश है। शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि रोजगार की दुश्मन इस गैंग ने भविष्य में नौकरी रोकने की दिशा में कोई भी कार्रवाई की तो उन्हें युवा गांव में नहीं घुसने देंगे।

### रोजगार के दुश्मन न बनें कांग्रेसी

पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेस रोजगार की दुश्मन न बने बल्कि रोजगार से जुड़े मामलों में सहयोगी बने। कोर्ट केस कराकर भर्तियों में रोड़ा न अटकाए। कांग्रेस के लोग यदि ऐसे ही रोजगार में रुकावट पैदा करते रहेंगे तो वे जल्द ही कांग्रेस नेताओं के घरों व कार्यालयों का घेराव भी करेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के कार्यों को लेकर स्कोप ऑफ वर्क निर्धारित करें टीमें: वैशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- महोत्सव के प्रबंधों को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 का आयोजन नवंबर-दिसंबर 2024 में किया जाएगा। इस महोत्सव का शेड्यूल मुख्यमंत्री से अनुमति लेने के उपरांत तैयार किया जाएगा। फिलहाल महोत्सव के प्रबंधों को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया है। इन कमेटियों के चेयरमैन को स्कोप ऑफ वर्क तैयार करने के निर्देश दिए है। इतना ही नहीं इन कमेटियों को 31 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का समय दिया है। सीईओ डा. वैशाली शर्मा बुधवार को देर सायं केडीबी के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले एडीसी डा. वैशाली शर्मा ने पिछले वर्ष अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर किए गए तमाम प्रबंधों को लेकर फीडबैक ली और पिछले बार की कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों और केडीबी के सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए।

### प्रबंधों को ओर बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए

इस दौरान केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव-2024 के प्रबंधों को ओर बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए कि प्रबंधों को लेकर 4 या 5 आडिट कमेटी का गठन किया जाए जो रोजाना अपनी रिपोर्ट केडीबी प्रशासन को दे, ब्रहमसरोवर के अंदर चारों तरफ शरारती तत्वों को रोकने और फड़ी वालों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के लिए 40-50 कर्मचारियों की एक एनफोर्समेंट टीम का प्रबंध किसी सिक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से किया जाए, पार्किंग स्थलों के अंदर अवैध रुप से लगने वाली दुकानों को रोका जाए और ब्रहमसरोवर के बाहर सडकों के किनारे खड़ी रेहड़ियों के अंकुश लगाया जाए। कुरुक्षेत्र 48 कोस विकास एवं निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने सुझाव दिया कि ब्रहमसरोवर के अंदरुनी घाटों पर नियमित रुप से सफाई व्यवस्था की जाए और प्रत्येक घंटे में कचरे का उठान कार्य किया जाना चाहिए। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में 11 दिसंबर को गीता जयंती का दिन होगा और बाकी शेड्यूल प्रदेश सरकार से विचार-विमर्श करने के उपरांत तैयार किया जाएगा। यह महोत्सव 18 दिन का होगा और महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 8 दिन के होंगे। सभी के सहयोग से इस महोत्सव को सफल बनाना है। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र पाल, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम नसीब कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता, केडीबी सदस्य डा. एमके मोदगिल, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, युधिष्ठिर बहल सहित अन्य अधिकारीगण व सदस्य मौजूद रहे।

## धर्मकर्म

### अमित मुनि ने सामूहिक पंच परमेष्ठि णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ करवाया

# मानवता के विरूद्ध है किसी भी तरह की हिंसा: अनुपम मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सर्व धर्म दिवाकर श्री अनुपम मुनि, अपने अंतेवासी शिष्यों, मधुर कथाकार अमित मुनि व विद्याभिलासी अतिशय मुनि के साथ बुधवार को आज गांधी मंडी जैन स्थानक में शुभ मंगलमय चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश किया। इधर, श्री अनुपम मुनि प्रवचन करते हुए कहा कि जैन संत तो रमते जोगी होते हैं वे एक स्थान पर अधिक समय के लिए विशेष परिस्थितियों में ही रुकते हैं। वर्षा काल में जीवो की उत्पत्ति बहुत होती है। इसलिए वर्षा काल के चार महीने एक स्थान पर रुकते हैं ताकि जीव हिंसा से अधिकाधिक बचा जा सके। इसीलिए चातुर्मास वर्षावास भी कहलाता है। इन चार महीना में संत सतियां जी महाराज स्वयं भी विशेष साधना करते हैं और श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक तप-त्याग आदि की उत्कृष्ट प्रेरणा देते हैं। अमित मुनि ने सामूहिक पंच परमेष्ठि णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ करवाया। इधर, अतिशय मुनि ने एक मधुर भजन प्रस्तुत किया: जोत से जोत जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो; राह में आए जो दिन दु:खी, सबको गले से लगाते चलो। मौके पर डॉ. ईश्वर जैन, महावीर प्रसाद जैन, प्रधान जगदीश जैन, डॉ ईश्वर जैन, शिक्षाविद् व साहित्यकार डॉ.ए.पी.जैन, रामकिशन जैन, सुरेश जैन, संजय जैन, विजेंद्र जैन, राजेश जैन, सज्जन जैन, रविंद्र जैन, अजित जैन, आत्माराम जैन, आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**पानीपत।** जैन संत का स्वागत करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

# सर्कल कबड्डी के स्टार खिलाड़ी संजू का विजयी जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

सर्कल कबड्डी के स्टार खिलाड़ी संजू जोगी छिछड़ाना मलेशिया से सर्कल कबड्डी में जीत कर लौटने पर जिला पानीपत वासियों ने स्वागत किया और विजयी जुलूस निकालते हुए उनके पैतृक गांव छिछड़ाना ले गए। संजू का समाजसेवी राकेश सरोहा व एससी सैल भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चिढ़ाना ने नगदी देकर स्वागत किया। उल्लेखनीय यह है कि संजू छिछड़ाना मलेशिया में सर्कल कबड्डी में पंजाब क्लब की टीम की तरफ से खेला। संजू ने इस खेल में मुख्य भूमिका कैचर ओर रेडर की निभाई और वहां मैन ऑफ सीरिज के खिताब से नवाजा गया। वहीं, संजू सर्कल कबड्डी का स्टार खिलाड़ी है। वह हरियाणा, पंजाब के साथ साथ अन्य राज्यों में अपने खेल का जलबा दिखा चुका है। इस अवसर पर बडी संख्या में ग्रामीणों ने संजू का स्वागत किया, जबकि महिलाओं ने संजू को आर्शीवाद देते हुए मंगल लोक गीत गाए।



**इसराना।** कबड्डी खिलाड़ी संजू जोगी का स्वागत करते हुए खेल प्रेमीगण।

## खबर संक्षेप



### टेनिस प्रतियोगिता में गौरिश ने पाया पहला स्थान

**करनाल।** राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में करनाल के होनहार खिलाड़ी गौरिश राणा अंडर-12 में प्रथम स्थान प्राप्त कर करनाल का नाम रोशन किया है। गौरिश राणा ने कुरूक्षेत्र के अखिलेश को 7-1 के स्कोर से हराकर पहला स्थान पाया। गौरिश राणा को प्रथम स्थान हासिल करने पर मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला ने सम्मानित किया और गौरिश के उज्वल भविष्य की कामना की। गौरिश राणा इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुका है। उन्होंने बताया कि गौरिश ने आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित ऑल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-12 सेमी फानल में भी विनर रहे थे। जयपुर में आइटा की ओर से आयोजित चैंपियनशिप में भी अंडर-12 में फस्ट रनर अप रहे।



### साइबर अपराध सहित कई विषयों पर किया जागरूक

**करनाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना करनाल के प्रांगण में एएसआई नमना अहलावत ने ऑपरेशन स्माइल मुहिम के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया। नमना अहलावत ने साइबर क्राइम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नए कानून, चाइल्ड लेबर के बारे में विस्तार से छात्रों को अवगत कराया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उचाना की प्रधानाचार्य सरला सांगवान एवं पीजीटी हिंदी प्रीति शर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने मिलकर नमना अहलावत का स्वागत किया। नमना अहलावत ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इसे रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी लोगों को यह समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े चालाक होते हैं।



### खाटू श्याम मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया, वहीं एकादशी पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। सुबह से लेकर प्रभु इच्छा तक श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का गुणगान किया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवशयनी एकादशी महत्व बताया गया।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक, मंत्री सुभाष सुधा ने 11 शिकायतों का मौके पर किया निपटारा

# अब शिकायत से संबंधित दूसरे जिले के अफसर को भी रहना होगा मौजूद

डिपो होल्डर का लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शहरी एवं स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने आज यहां पंचायत भवन में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 16 में से 11 शिकायतों का निपटारा किया 5 शिकायतों की पुनः जांच करने के निर्देश देने के उपरान्त लंबित रखी हैं। उन्होंने संगोहा गांव के जसमेर सिंह की शिकायत पर गांव के डिपो होल्डर का लाइसेंस रद्द करने तथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये। जसमेर सिंह ने शिकायत की थी कि डिपो होल्डर हरी सिंह प्रजापत राशन के लिये बार-बार चक्कर कटवाता है। बदतमीजी से पेश आता है और मशीन बंद होने की बात कह कर राशन नहीं देता।

### मंत्री ने खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को भी चेताया

राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने फूसगढ़ गांव की दीपा की शिकायत पर सुनवाई करते हुये कहा कि अब मामला कोर्ट में जा चुका है। वहीं पैरवी करें। गांव बीड बडालवा के गोपाल दास की शिकायत थी कि हाबड़ी ब्रांच नहर निगदू रोड बीड बडालवा के पुल के पास गंदगी का ढेर लगा है जिससे बदबू व बीमारी फैलने का डर लगा रहता है। इस पर बीडीपीओ ने बताया कि यह शिकायत सिंचाई विभाग कैथल से संबंधित है। वाटर सर्विस डिवीजन के कार्यकारी अभियंता की रिपोर्ट के अनुसार कूड़े का ढेर हटवा दिया गया है। इस पर मंत्री ने कहा कि ठीक से सफाई करा दें। इस दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि यदि इस तरह का केस दूसरे जिला के संबंधित अधिकारी से सम्बद्ध है तो भविष्य में वह भी बैठक में आना सुनिश्चित करें। कारसा डोड के सरंपच की शिकायत को फाईल कर दिया गया है। जांच के दौरान उनकी शिकायत झूठी पाई गई। गांव उचानी की मीना देवी ने पति की मौत के बाद दुर्घटना क्लेम की राशि दो साल से न मिलने की शिकायत की जिसे मंत्री ने काफी गंभीरत से लिया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बताया कि मामला यूनाईटेड इंडिया इंश्यारेंस कंपनी के पास लंबित है। इस पर मंत्री ने कहा कि बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। उन्होंने एसडीएम को भी निर्देश दिये कि कंपनी और बैंक प्रतिनिधि को बुला कर मामला जल्द हल करायें तथा प्रार्थीया को न्याय दिलाए। बैठक सदर बाजार करनाल के हेमराज की शिकायत पर एडीसी ने जांच रिपोर्ट पेश करते हुये बताया कि प्रार्थी को 1997 में हूडा द्वारा प्लाट अलाट किया गया जिस पर प्रार्थी ने मकान बनाने के लिये आईसीआईसीआई से ऋण लिया जिसकी उसने केवल 50 किश्तें ही अदा की। बैंक ने सारी किश्त जमा न करने के कारण नीलामी के माध्यम से यह प्रोप्टी एआईसीआईएल को 2010 में बेच दी। शिकायतकर्ता ऋण अदायगी का कोई सर्टिफिकेट नहीं दिखा पाया। इसलिये मामला दफ्तर दाखिल किया जाये। इस पर मंत्री ने एसपी को मामले की जांच के निर्देश दिये। गांव अमुपुर की प्रकाशो देवी ने मनरेगा योजना के लिये किये गये कार्य की पूरी राशि न मिलने की शिकायत की थी। इस पर मंत्री ने प्रकाशो देवी के फिर से बयान दर्ज उचित कार्यवाही के निर्देश दिये। गांव कलेसरा की पूजा शर्मा की शिकायत पर अग्रणी जिला प्रबंधक की जांच रिपोर्ट पर संतुष्टि जताई। शिकायतकर्ता के खाते में गत दिवस दो लाख रुपये की राशि पहुंच गई। पूजा ने पति की मृत्यु के बाद बैंक से बीमा राशि न मिलने की शिकायत की थी।गिली के मामू राम की मीटर रीडिंग में गड़बड़ संबंधी शिकायत निगम द्वारा दूर किये जा ने पर प्रार्थी ने संतुष्टि जताई। नलीपूर गांव के कश्मीर सिंह की ट्यूबवैल कनेक्शन न देने की शिकायत पर विद्युत निगम की ओर से बताया गया कि मामला पॉलिसी से जुड़ा है जिसे निगम मुख्यालय पंचकूला भेजा गया है। अभी यह केस निगम के कानूनी प्रकोष्ठ के पास लंबित है। सेक्टर 9 के विमल किशोर अरोड़ा की शिकायत पर मंत्री ने पड़ौसियों द्वारा घर के गेट के पास से गाड़ी हटवाने, गाड़ी चढ़ाने के लिये बनाये गये रैंप को छोडक़र अन्य अवैध रैपों को हटवाने के निर्देश दिये। शिव कालोनी के सुनील की शिकायत का कोई समाधान नहीं हो सका क्योंकि शिकायतकर्ता सुझाये गये समाधान से संतुष्ट नहीं हुआ। मामला बैंक की बकाया राशि लौटाने संबंधी था। मूनक की शरबती की पैंशन संबंधी शिकायत का निपटारा कर दिया गया। कुंजपुरा के शिकायतर्ता सतपाल बैठक में नहीं पहुंचे। गली नंबर 6 बैंक कालोनी फूसगढ़ के बलिन्द्र की शायित पर पीओ द्वारा की गई कार्रवाई पर मंत्री ने संतुष्टि जताई। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी नेबातया कि आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत लाभ न दिये जाने के कारण पूर्व कर्मचारी को चार्जशीट करने का मामला निदेशक को भेजा जा चुका है।

### एक महीने के बाद शहर की सडक़ों पर बेसहारा पशु नजर नहीं आयेंगे

एकता वेल्फेयर एसोसियेशन के रमन अग्रवाल ने बेसहारा पशुओं और आवारा कुत्तों संबंधी शिकायत पिछली बैठक से लम्बित की थी। इस पर मंत्री ने बताया कि एक महीने के बाद शहर की सडक़ों पर बेसहारा पशु नजर नहीं आयेंगे। गौशालाओं में पशुओं को रखने की क्षमता में वृद्धि की जा रही है। डॉग शैल्टर होम के लिये नगर निगम की टीम को अलीगढ़ भेजने की योजना है। वहां एडवांस डॉग शैल्टर होम तैयार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक तौर पर भी इस ओर ध्यान दें कि देहात से गाडियों की

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी मोहित हांडा, मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला, जिला भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिला परिषद की चैयर पर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा एडीसी अखिल पिलानी करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, निगम आयुक्त अभिषेक मीणा असंध के वीरेंद्र ढुल, घरौंडा के राजेश सोनी, सीटीएम शुभम, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, डीएसपी सोनू नरवाल तथा कष्ट निवारण समिति के सरकारी व गैरसरकारी सदस्य मौजूद रहे।

## कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस इंद्री में हुई कन्वेंशन मे उपस्थित कर्मचारी ।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री की कन्वेंशन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस इंद्री में हुई। इस कन्वेंशन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान संटी कांबोज ने व संचालन ब्लॉक सचिव ऋषिपाल ने किया। कन्वेंशन में मुख्य रूप से एसकेएस जिला प्रधान सुशील गुज्जर,जिला सचिव सेवा राम, जिला वरिष्ठ उपप्रधान मलकीत सिंह, रिटायर कर्मचारी संघ से मास्टर बलराज व धनीराम शामिल हुए। इस मौके पर कर्मचारियों को संबोधित संघ के नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार जल्दी से जल्दी कच्चे कर्मचारियों को पोलसी बनाकर पक्के करे तथा पक्का होने तक समान काम समान वेतन लागु करे,पुरानी पेंशन नीति बहाल की जाए,कौशल रोजगार निगम भंग किया जाए। नेताओं ने कहा कि सरकार समय रहते कर्मचारी नेताओं से बात करके कर्मचारियों की समस्याओं का जल्दी से जल्दी समाधान करे नहीं तो करनाल जिले के सभी कर्मचारी 26 जुलाई को करनाल फव्वारा पार्क में इक_ होकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगें। कन्वेंशन में राजीव राठी, संजीव मलिक, महेश मेहता, अमन, विनोद, हुसन लाल, राजेश कुमार, जसमीत सिंह, रजनीश, अर्जुन व राजकुमार आदि मौजूद रहें।

## सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत दयाल सिंह स्कूल का किया दौरा

- विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक- धीरज कुमार, अतिरिक्त निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर निगम करनाल शहर में सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ अभियान जोर-शोर से चला रहा है। इसके तहत नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों व विद्यालयों में रोजाना स्वच्छता गतिविधियां चलाकर शहरवासियों व विद्यार्थियों को जागरूक करने का काम कर रही है। यह जानकारी नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने दी। उन्हें कहा गया कि वह अपने माता-पिता को भी इसके प्रति जागरूक करें और अपने घर से ही गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन में डालें। टीम ने इसके बाद जल बचाओं के तहत विद्यालय प्रागंण में स्थित दोनो रेन वाटर हार्वेस्टर का निरीक्षण किया और उसकी साफ-सफाई चेक की। उन्हें कहा गया कि इनकी समय-समय पर सफाई करवाते रहें, ताकि इसमें सिल्ट इत्यादि गंदगी न जमा हो और बरसाती पानी का रिसाव जमीन में अच्छे से हो सके।इस मौके पर उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थियों को ढेंगू व मलेरिया से बचाव और क्या-क्या सावधानी बरतनी है, इसकी जानकारी दी गई। घरों के आस-पास व अंदर की अच्छे से सफाई की जाए। पूरी बाजू की कमीज व पेंट डालें, ताकि मच्छर ना काट सके। शौचालयों में मच्छर मारने वाले दवाओं का छिड़काव करें। उन्हें बताया कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों से उपरोक्त बीमारियों से बचा जा सकता है।

### लड़कियों के शौचालय में पीले रंग का डस्टबिन जरूरी

अभियान के तहत बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाऊन में अध्यापकों व विद्यार्थियों को जल स्वच्छता, वर्षा जल संचयन, साफ-सफाई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता संवर्धन बारे जागरूक किया गया। विद्यालय की लड़कियों को सेनेटरी पैड के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन से कहा गया कि लड़कियों के शौचालय में पीले रंग का डस्टबिन अवश्य रखा जाए। इसके पश्चात टीम ने हरा, नीला, पीला, लाल व काला रंग, पांच प्रकार के डस्टबिन और उनमें किस-किस प्रकार का कूड़ा डाला जाता है, इसकी भी जानकारी दी। इसी कड़ी में टीम ने मंगलवार को शहर के सेक्टर-7 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्हें गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने की जानकारी दी गई।



### भाजपा ने बूथों को लेकर बैठक बुलाई

**तरावड़ी।** तरावड़ी के शिवशक्ति सत्संग भवन मे नीलोखेड़ी विधानसभा की एक संगठनात्मक बैठक विधिवत रूप से दीप प्रज्वालित करके शुभारंभ किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भगवानदास कबीरपंथी ने की। जिसमे वीरेंद्र चौहान, देवेन्द्र कामरा, मीना चौहान, रजनी प्रोचा, निसिंग मंडल के अध्यक्ष महिपाल राणा,प्रवीण गुप्ता, बलबीर मराठा,रंजीत भारद्वाज, महिंन्द्र राणा, राजेश छाबड़ा, रामकुमार गुप्ता, मुकेश, भीम, प्रदीप, जॉनी, मोहन राणा, भजन जी, अंकुर, सुरेश, रवि, मलखान, इन्द्रजीत, गोपाल, राजकुमार, डिम्पल,नीलोखेड़ी विधानसभा से सभी शक्तिकेंद्र प्रमुख, महामंत्री व अन्य गणमान्य साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही और बैठक में कुछ महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर विचार विमर्श किया और भारतीय जनता पार्टी के आगामी होने वाले कार्यक्रम के बारे विचार किया और सभी साथियों से आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के बारे धरातल पर सभी बूथों पर जानकारी लेकर जिन बूथों पर भारतीय जनता पार्टी को बढ़त नही मिली। उन बूथों का विश्लेषण करके उन बूथों को मजबूत करने का

## बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए बरतें विशेष सावधानियां- एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एसडीएम अशोक कुमार ने उपमंडल वासियों का आह्वान किया है कि वे बरसात के मौसम में अपने घरों के आसपास यह सुनिश्चित कर लें कि कोई ऐसा गड्ढा न हो जिसमें बरसात का पानी लम्बे समय तक खड़ा रहता हो क्योंकि खड्डों में पानी खडा होने से इसमें मक्खी मच्छर पनपते है जो अनेकों बीमारियों का कारण बनते है । अतः सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि अपने घरों, दुकानों, वाणिज्यिक केन्द्रों आदि के आस-पास के खड्डों को भर लें ताकि इनमें वर्षा ऋतु में पानी खडा न होने पाए । उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि वे अपने घरों के आसपास से व किसान अपने खेतों के आसपास से जहरीले गाजर घास को उखाड़ कर पूर्ण रूप से नष्ट कर दें क्योंकि इस जहरीले घास में पार्थेनियम नामक पदार्थ होता है जो मानव व पशु, पक्षियों के साथ-साथ फसलों के लिए भी हानिकारक होता है और नालियों के आसपास इस घास के उगने से नालियों के बहते पानी में भी रुकावट होती है। अतः इस जहरीले घास को उखाडऩे का जिम्मा सभी लोगों का है। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि गर्मी व बरसात के मौसम में पानी से प्रायः उल्टी, दस्त, टाइफाइ ड, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है।

### स्वच्छ पानी का करें सेवन

एसडीएम ने जनता से अपील की है कि वे इन बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताए गई बातों पर अमल अवश्य करें तथा इन बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को अपना पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने ने बताया कि यदि हमें गर्मी एवं बरसात में होने वाली बीमारियों से बचना है तो हमेशा स्वच्छ पानी का सेवन करें, पानी को उबाल कर या क्लोरीन मिला पानी प्रयोग करें, खाना खाने से पहले व बाद में तथा शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं, पीने के पानी के स्रोतों के पास शौच न करें, सड़े, गले, कटे हुए व बासी खाद्य पदार्थों को न तो खरीदें तथा न ही प्रयोग में लाएं।

## डायमंड नी के साथ होगी जिगर और आदित्य की वापसी

**करनाल।** संगीत प्रेमियों को लुभाने के लिए सचिन-जिगर की बेहतरीन जोड़ी एक बार फिर शानदार वापसी कर रही हैं, अपने नए गीत डायमंड नी के साथ। पिछले साल 'खलासी' के साथ चार्ट पर धूम मचाने वाले जिगर सरैया और आदित्य गढ़वी की मनमोहक आवाज़ों में यह नया ट्रैक आप सभी को बहुत पसंद आने वाला है। अगर आपको याद हो तो ओरी ने हाल ही में अंबानी की शादी के गाने की एक रील पोस्ट की थी, जो वायरल हो गई थी। नेटिज़न्स बड़ी बेकरारी से पूछ रहे थे कि उन्हें यह गाना कहाँ मिलेगा? तो खुशखबरी यह है कि यह गाना अब आ गया है!समृद्ध गुजराती लोक संगीत को आधुनिक पॉप के साथ बड़ी ही खुबसूरती से मिश्रित करते हुए, 'डायमंड नी' हमारे चारों ओर की साधारण पर अविस्मरणीय प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करने के बारे में है। यह जीवंत बिट्स और एक आकर्षक राग से सजा हुआ है। मशहूर प्रिया सरैया द्वारा लिखा गया हृदयस्पर्शी गीत आपके दिल में उतर जाएगा। यह प्राकृतिक सुंदरता को बयां करता एक काव्यात्मक गीत है, जो सादगी और प्रशंसा की तस्वीर पेश करता है।अपने धाकड़ गायन के लिए जाने जाने वाले आदित्य गढ़वी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि, 'डायमंड नी' का हिस्सा बनना और मैस्ट्रो सचिन-जिगर के साथ काम करना मेरे लिए बेहद रोमांच भरा रहा। प्रिया जी ने बहुत सुन्दर गीत लिखा है। ऐसे रचनात्मक दिमागों के साथ काम करना और इस जीवंत ट्रैक में अपना आकर्षण लाना मेरे लिए एक आनंद भरा अनुभव रहा है।

**कार्यक्रम** हरियाणा के इतिहास में आज तक किसी भी राजनीतिक दल ने बीसी वर्ग से मुख्यमंत्री नहीं बनाया

# भाजपा में हर कार्यकर्ता को मिलता पूरा मान-सम्मान, बीसी वर्ग से सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर की मिसाल कायम : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने करनाल आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने भी कार्यकर्ताओं के निवास स्थान पहुंचकर हालचाल जाना और जलपान किया। इस मौके पर पार्टी मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देती है और बड़े से बड़े पद से नवाजा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर एक मिसाल कायम की गई है। हरियाणा के इतिहास में आज तक किसी भी विपक्ष के राजनीतिक दल ने बीसी वर्ग से मुख्यमंत्री नहीं बनाया है। यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। मंत्री सुभाष सुधा का करनाल आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल पर योगेंद्र राणा द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता सरेश जागलान, गौरव खुराना और विजय बतरा के घर जाकर उनसे मुलाकात करके हालचाल जाना और उनके घर जलपान किया। मंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में एक बार फिर से भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह सरकार आम नागरिकों के हित, सुख सुविधाओं को जहन में रखकर ही योजनाएं तैयार कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी की सरकार ही हर वर्ग का भला कर सकती है।

### मंत्री सुभाष सुधा ने पूर्व नगर पार्षदों की ली बैठक, सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

मंत्री सुभाष सुधा ने पूर्व नगर पार्षदों की बैठक ली तथा उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के विकास में नगर पार्षदों का अहम योगदान होता है। ऐसे में जनहित से जुड़ी हुई समस्याओं को प्रशासन के संज्ञान में लाएं और उनका समाधान करवाएं। अगर कहीं पर सुनवाई न हो, तो इसकी सूचना मुझे दें। मंत्री ने इस मौके पर आम जनता की शिकायतें भी सुनीं और उनका समाधान किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने स्वागत किया और नगर निगम के माध्यम से करवाए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप, मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता सहित सभी नगर पार्षद तथा नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## पैनल अधिवक्ताओं के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला ए डी आर सेंटर, में बुधवार को पैनल अधिवक्ताओं के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. सविता कुमारी ने उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं से बातचीत की और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यशैली को श्रेष्ठ बनाने हेतु पैनल अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन किया और प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय भारत में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसमे कोई भी व्यक्ति अपना लम्बित मुकदमा रखकर समाधान करवा सकता है। उन्होने उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वर्कशॉप मे प्रदान की गई सूचना को जनहित में उपयोग करे।इसके अलावा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. सविता कुमारी ने जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया जिसमें 4 मुकदमे रखे गए जिसमें से 3 मुकदमों मे 4 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।

**सूचना**

मैं, काबल सिंह पुत्र स्व. श्री स्वर्ण सिंह निवासी गाँव गोबिंदगढ़, डाचर, तहसील निसिंग, ज़िला करनाल ब्यान करता हूँ कि मेरी पुत्री तरणदीप कौर का विवाह पुष्पिन्द्र पाल पुत्र चरणजीत सिंह निवासी गाँव बुढ़ाखेड़ा के साथ हुआ था। मेरी पुत्री व दामाद मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं मेरी पुत्री को मेरी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरी पुत्री व दामाद से कोई किसी भी प्रकार का व्यवहार या लेन-देन करेगा तो वह स्वयं ज़िम्मेदार होगा।

## खबर संक्षेप

### मलेरिया उन्मूलन को फोगिंग होगी

**पानीपत।** पानीपत जिला सचिवालय में मलेरिया उन्मूलन को लेकर बुधवार को उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक हुई। डीसी डॉ. दहिया ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी व मलेरिया उन्मूलन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीसी ने निगम के अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्रता से फोगिंग का कार्य प्रारंभ करें।

### कांग्रेसियों के खिलाफ प्रदर्शन किया

**पानीपत।** सरकारी नौकरियों में कोर्ट केस के माध्यम से अड़चन लगाने पर प्रदेश में निकली भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा बुधवार को पानीपत पहुंची। अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व रणदीप सिंह सुरजेवाला के समर्थकों द्वारा सरकारी भर्तियों के खिलाफ कोर्ट केस दायर करने पर उनकी शव यात्रा निकाल बेनकाब करने का प्रण लिया है।

### गोल्ड मेडल विजेता पुरस्कृत किए

**पानीपत।** ताइक्वांडो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीडी गोयंका विद्यालय के विद्यार्थियों मयंक, युग व कनिष्क ने गोल्ड मेडल जीते। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋतु सिंह, ताइक्वांडो कोच अमन, पीटीआई मनजीत, सुमिता विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने विजेता को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### इनसो ने सीटीएम को ज्ञापन दिया

**पानीपत।** इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन यानि इनसो के जिला प्रधान बलराज देशवाल और राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेजो में यूजी में दाखिले के लिए पोर्टल ना खुलने पर पानीपत सीटीएम टीनू पोसवाल के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इनसो नेता मोहित, सागर सिंह, राजू पहलवान, बलवान शर्मा, दीपक आदि छात्र मौजूद थे।

### मेधावी छात्रा अंकिता सम्मानित

**पानीपत।** साधनों के अभाव में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास करने वाली छात्रा अंकिता, इसकी मां संतोष रानी और पिता सुरजीत सिंह को रवि हाई स्कूल में डॉ.अर्जुन सिंह, अनिल बजाज, प्राचार्य बलबीर सिंह, समाज सेवी श्यामलाल कालड़ा, डॉ. अनिल ने सम्मानित किया।

### बारिश की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं किसान

# बारिश न होने से धान आदि की फसलों में सूखा लगने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

किसान बारिश की एक-एक बूंद के लिए तरश गये है। धान की फसल अब सूखने के कगार पर है, धान में पानी ना मिलने पर खेतों में दरार आनी शुरू हो गई है बारिश न होने से बिजली ओर डीजल कि खपत बढ़ी है। बारिश न होने से तालाबों में भी पानी नहीं है सुखे पड़े हैं।

इंद्रदेव को खुश करने ओर बारिश करवाने के लिए गांवों में भंडारों का सिलसिला शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि इसराना क्षेत्र में धान की रोपाई का काम लगभग पूरा हो गया है जहां किसानों को आशा थी ओर मौसम विभाग के मौसम बुलेटिन के अनुसार किसानों को 28 जून से बारिश आने की संभावना थी। बीस दिन बीतने के बाद भी इसराना क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई। जिसके चलते किसानों का पानी बिजली का खर्च कम हो सकें।

**वर्षा की कमी से तालाब भी सूखे**



पानीपत। वर्षा की कमी से धान उगे खेत में फटी तरेड। फोटो : हरिभूमि

- धान में पानी ना मिलने पर खेतों में दरार आनी शुरू हो गई है बारिश न होने से बिजली ओर डीजल कि खपत बढ़ी

**मौसम विभाग की भविष्यवाणी फेल हुई:**मौसम विभाग ने बताया कि भारी बारिश होगी हुआं कुछ नहीं। किसान करमबीर, भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राजबीर सिंह,विजय, राजेश, राजेन्द्र,रामफ ल ,आनन्द, सुखबीर ने बताया कि धान को फ सल पानी ना मिलने पर महंगे दामों पर डीजल खरीद करना पड़ रहा है। बिजली की डिमांड बढ़ी है। जमीनी जल लगातार गिरता जा रहा है। अगर बारिश हो जाती है तो इसके अनेक फायदे होंगे सबसे बिजली की डिमांड कम होगी व डीजल तेल का खर्च बचेगा। लगातार गिर रहा भूमिगत जलस्तर रुकेगाए अच्छी पैदावार होंगी गर्मी से राहत मिलेंगी।

**फसलों में सूखा लगने जैसे हालात**

इसराना क्षेत्र में सैकड़ों किसानों की फसल बारिश ना होने ओर उचित पानी ना मिलने के कारण सुखने के कगार पर है किसानों का कहना है कि जल्दी बारिश नहीं हुई तो जो धान की फसल बिना पानी के सूख रही है मजबूरी में इसकी जुताई करके नष्ट करना पड़ेगा।

**सूखे पड़े हैं गांवों के तालाब**

गांवों में सरकार ने अरबों रुपये की लागत से अमृत जल सरोवर योजना के तहत तालाबों की खुद्वाई करवाईं थी की गांव के पशुपालकों को उनके पशुओं को साफ स्वच्छ पानी मिले ओर लगातार गिर रहें जल स्तर को ऊपर उठाया जा सकें पर बिना बारिश के सब कुछ अधूरा है गांवों के तालाब सुखे पड़े हैं।



पानीपत। सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा जन सुनवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार वचनबद्ध : महिपाल

- मंत्री ढांडा ने सौंधापुर में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनसुनवाई की

**पानीपत।** हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को वार्ड 21 के सौंधापुर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। लोगों को उनका हक दिलाने के लिए सरकार की इस अनूठी पहल के तहत प्रयास किए जा रहे है। कार्यक्रम में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे जन मानस की ज्यादातर समस्याओं का मौके पर अधिकारियों के सहयोग से निदान किया जाता है। यह कार्यक्रम जरूरतमंद लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री ढांडा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना व उनकी रोजमर्रा की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर उनका निदान करना भी है। कार्यक्रम में 120 के करीब लोगों ने आधारकार्ड, फैमली आईडी व प्रोपर्टी आईडी से संबंधित समस्याएं रखी। ज्यादातर समस्याओं का मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मौके पर समाधान किए।

## लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर ने पार्क में पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा मॉडल टाउन स्थित टैगोर पार्क में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लायंस सुभाष चंद्र जैन रहे। क्लब के प्रधान रविंद्र जैन ने अध्यक्षता की। क्लब के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग, संजय बत्रा, पंकज ढींगरा, कोषाध्यक्ष सुशील खुराना, पार्क संगठन के प्रधान राजीव दत्ता, सचिव कत्याल व कोषाध्यक्ष गुरविंदर बग्गा ने स्वागत किया। इस अभियान के तहत लायंस क्लब की ओर से 200 पौधे लगाए गए एवं दो पंखे भेंट किए गए। लायंस सुभाष जैन ने कहा कि पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। पौधों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में देश में हरियाली की जगह उद्योग व भवनों की संख्या व क्षेत्रफल अधिक होने के चलते न केवल इंसान बल्कि हर जीव को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हर इंसान को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी पेड़ बनने तक देखभाल करनी चाहिए।



पानीपत। टैगोर पार्क में पौधे रोपते हुए लायंस क्लब के पदाधिकारी गण।

## पेड़-पौधे हैं धरती का असली श्रृंगार : आशीष

- शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने 130 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पानीपत जिले के गांव मोहाली में आज गांव के सरपंच गुलशन गल्होत्रा एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा की देख रेख में त्रिशाखा फाउंडेशन पर्यावरण मंत्रालय के तत्वावधान में गांव के पंचों एवं विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने 130 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। यह पौधे वन विभाग समालखा रेंज द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। त्रिशाखा फाउंडेशन के आशीष माटा व प्रोमिला मलिक ने कहा कि पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार हैं इन्हीं से हर जीव को आक्सीजन, छाया व फल मिलते हैं। इसलिए हर किसी व्यक्ति का फर्ज है कि वह अपने जीवन में कम से कम हर खुशी के पल पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा बड़ा होने तक उसकी देखभाल करें। इस अवसर पर गांव के सरपंच गुलशन गल्होत्रा, विद्यालय के प्राचार्य संदीप शर्मा, पंच रेशमा, संदीप सैनी, सुशील सैनी, मुस्तकीम खान, अंजलि सैनी, महेश बत्रा, सीमा सैनी, संजय कुमार, सीमा कश्यप के अलावा शमशेर सैनी, रामकुमार सैनी, हरबनवार गल्होत्रा, ज्ञानचंद गल्होत्रा, प्रोमिका मलिक, सुरेश राव, अंजुम अंसारी, आशीष माटा, अंबिका, डॉ. प्रवीण पांचाल, महेंद्र व पूनम पन्नू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





पानीपत। गांव मोहाली में पौधरोपण करने पहुंचे त्रिशाखा फाउंडेशन के पदाधिकारीगण व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पौधेरोप कर मनाया विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पौधे जीवन का आधार है पौधों के बिना जीवन सम्भव नहीं

ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज विश्व अंतरराष्ट्रीय दिवस पर सिटी थाना पानीपत में नवस्थापित हर्बल गार्डन में इंस्पेक्टर राजबीर सिंह की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान मुगलबेल, लालटेना, टरम्पटवाइन, लेमनग्रास, मरवा, मधुतुल्सी, बोगनबेलिया, अपराजिता आदि के 20 पौधे रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि इस धरती पर केवल एक ही प्राणी है जो कार्बन डाइऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदलता है वह है पेड़ हमे अधिक से अधिक पेड़ रोपित करने चाहिए। इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे बिना भेदभाव के हम सभी को ऑक्सीजन, फल,फूल, छाया पर्दा प्रदान करते हैं पौधे जीवन का आधार है हम सभी को अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। वहीं, सब-इंस्पेक्टर गौरव राणा ने कहा कि यदि जीवन को बचाना है तो युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा। सब-इंस्पेक्टर विष्णु शर्मा ने कहा कि पौधे जीवन का आधार है पौधों के बिना जीवन सम्भव नहीं है।

सहयोग संस्था से गौरव लेखा ने सभी पर्यावरण प्रेमियों का आज के पौधरोपण कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।इस दौरान राधेश्याम आई बी.कॉलेज ट्रस्टी, हड-कोंस्टेबल सुनील दत्त, नवनीतसहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पानीपत। थाना सिटी में हर्बल पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत व पुलिस अफसर।

### सरकारी योजनाओं का प्रचार किया

**पानीपत।** सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकासात्मक परियोजनाओं तथा उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभागीय तथा सूचीबद्ध भजन पार्टियां व नाटक मंडलियां गांव-गांव में जाकर लोक गीतों के माध्यम से लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों तथा उपलब्धियों के बारे में जागरूक कर रही है। यह जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कुलदीप बांगड़ ने दी।



पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया।

## जन विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा प्रदेश के आम व्यक्ति को समस्याओं से मुक्त करने को लेकर शुरू की गई समाधान शिविर योजना नाम के अनुसार अनूठी पहल साबित हो रही है। समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचते लोग शत प्रतिशत समाधान की उम्मीद को लेकर घर लौटते है।

शिविर में लगातार गति प्रदान की जा रही है। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ शिविर में दस्तक देते है। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के निदान की शत प्रतिशत संभावनाएं है। इसको लेकर पूरा प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

लोगों के भरोसे पर खरा उतरने के लिए वे हर संभव प्रयास कर रहें है। समाधान शिविरों के सकारात्मक परिणाम भी इसी तरफ संकेत करते है। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर भी आयोजित की जा रहे समाधान शिविरों में मिलने वाली समस्याओं का भी उसी तत्परता से निदान किया जा रहा है।



पानीपत। रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ जरूरमंद बच्चें आदि।

### पानीपत रिफाइनरी के अनाथ बच्चों की मदद को उठे हाथ

**पानीपत।** इंडियन ऑयल के राष्ट्र प्रथम, देखभाल, विश्वास के मूल मूल्यों को कायम रखते हुए, पानीपत रेफनिरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की विप्स के सदस्यों ने व्यक्तिगत सामाजिक जिम्मेदारी (आईएसआर) के तहत जरूरतमंदों की मदद करने के लिए एक दिल को छू लेने वाला कदम उठाया। वहीं, प्रीति चोपड़ा, महा प्रबंधक (मानव संसाधन) और डॉ. वार्तिका रस्तोगी, विप्स समन्वयक के नेतृत्व में विप्स की टीम ने श्रद्धानंद अनाथालय में निवास करने वालों को सूखा राशन, धार्मिक पुस्तकें, छाते और नाश्ता भेंट किया। जबकि डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि विप्स, पीआरपीसी वंचित लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कई कल्याणकारी गतिविधियां चला रही है। उन्होंने उदार समर्थन देने के लिए पीआरपीसी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात नंबर से आई वीडियो कॉल ना उठाएं: एसपी

- साइबर ठग वीडियो कॉल कर सामने वाले की न्यूड वीडियो बना कर करते है ब्लैकमेल

**पानीपत।** पानीपत के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि अंजान नंबर से आया वीडियों कॉल आप पर भारी पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि तकनीक के इस युग में भारत की आधे से ज्यादा आबादी इंटरनेट पर है। इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर फ्रॉड करने वालों ने लोगों को ब्लैकमेलिंग करने का नया तरीका अपना लिया है। साइबर अपराधी पहले अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल करते हैं। जिस नंबर से कॉल आता है, उसे अटेंड करने पर सामने न्यूड वीडियो चल रही होती है। कॉल रिसीव करते ही साइबर अपराधी अपने मोबाइल फोन का स्क्रीन शॉट्स ले लेते हैं। इसमें कॉल करने वाले और कॉल रिसीव करने वाले की तस्वीर कैद हो जाती है। तत्काल उस वीडियों को सामने वाले के पास भेजकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करना शुरू कर देते है। पीड़ित व्यक्ति अपने सम्मान और साख बचाने के चक्कर में पैसे दे देता है। उन्होंने आमजन को इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास अज्ञात नंबर से किसी भी तरीके से वीडियो कॉल आता है, तो वह उसे अटेंड ना करें। अगर अटेंड कर भी ले तो पहले उसमें अपना चेहरा ना दिखाए। पहले सामने वाले को चेहरा देखे कोई परिचित है तो अपना चेहरा दिखाए नही तो फोन काट दे।



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत।

**ये सावधानी अपनाएं नागरिक:**सोशल मीडिया अकाउंट के प्रोफाइल को हमेशा लॉक रखें व अपने फेसबुक प्रोफाईल पर प्राईवेसी सेटिंग लगा के रखें। अंजान नम्बर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करें। अगर कॉल रिसीव कर ली गई है तो मोबाइल का कैमरा फ्रंट की बजाय रियल मोड पर कर दें। सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक, इंस्टाग्राम) अन्य अकाऊंट में किसी अन्जान लड़की की भेजी हुई फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार ना करें।

### पीसीसी अकादमी में नव चयनित एचसीएस शिवानी पांचाल का अभिनंदन हुआ

# अनुशाशित मेहनत के बल पर मिलती है सफलता: राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पीसीसी एकेडमी नव चयनित एचसीएस शिवानी पांचाल को सम्मानित किया गया। एकेडमी के डॉयरेक्टर राजीव परुथी ने शिवानी पांचाल को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन की जिन परिस्थियों से जूझते हुए शिवानी ने एचसीएस पास की है, वह कमेरे वर्ग के युवाओं के लिए मिशाल है।

शिवानी ने जहां पानीपत, अपने गांव भोडवाल माजरी व परिवार का नाम रोशन किया है, वहीं शिवानी यूपीएससी का प्री एग्जाम पास कर चुकी है। उन्हें ही नहीं बल्कि हरियाणा निवासियों को विश्वास है कि शिवानी यूपीएससी क्लीयर कर आईएएस बन कर देश, समाज व मानवता की सेवा करेगी। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि अनेक युवा संपंन परिवारों से संबंध रखते हुए भी ढंग से शिक्षित नहीं होते। जबकि मध्यम व निर्धन परिवारों के बच्चे हर हालात से जूझते हुए शिक्षत होकर आगे बढ़ते है। उन्होंने कहा कि अनुशाशित मेहनत के बल पर ही इंसान आगे बढता है। इधर, शिवानी पांचाल ने अपने संघर्ष की जानकारी पीसीसी एकेडमी के छात्रों को देर कठोर परिश्रम कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं शिवानी ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन भी किया। दूसरी ओर, शिल्पा परुथी ने शिवानी को स्मृति चिंह भेंट किया। इस अवसर पर पलक सहगल सिमरन अंजलि संजना श्रेया सुरेखा अमनप्रीत मनप्रीत आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।





पानीपत। पीसीसी एकेडमी में एचसीएस शिवानी पांचाल का स्वागत करते हुए राजीव परुथी व शिल्पा परुथी।

### नए वोटर्स के लिए घर-घर हो रहा है सर्वे

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि राजनीतिक पार्टियां भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों की पालना के तहत मतदाता सूची का निरीक्षण कराएं तथा मतदान केंद्र वार मृत व्यक्ति जिनकी वोट मतदाता सूची से हटाई जानी है व त्रुटि की शुद्धि कराई जानी है के बारे में जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे वोट बनवाएं व चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपनी वोट की जानकारी भी ले सकते है। वहीं, सभी ईआरओ व एईआरओ मतदान केन्द्रों पर जाकर सुपरवाइजरों तथा बीएलओ के कार्यों का औचक निरीक्षण करके पड़ताल करेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

भारत गोयल पुत्र स्व. श्री हरीश कान्त पुत्र श्री लाल चन्द निवासी मकान नं. 621/2 जैन महौल्ला तहसील व जिला पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि भारत गोयल पुत्र स्व. श्री हरीश कान्त पुत्र श्री लाल चन्द निवासी मकान नं. 621/2 जैन महौल्ला तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री हरीश कान्त पुत्र श्री लाल चन्द की मृत्यु दिनांक 18.02.2024 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री हरीश कान्त पुत्र श्री लाल चन्द के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. भारत गोयल (पुत्र) 2. रूचि (पुत्री) के ही जायज वारिस हैं मृतक की स्व. श्रीमति माता नन्ही देवी का अरसा पहले देहान्त हो गया है। व मृतक की पत्नी स्व. श्रीमति पुनम देवी का अरसा पहले देहान्त हो गया है मिनाक्षी नांरग पार्षद वार्ड नं. 9 नगर निगम पानीपत व लेखराज पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री हरीश कान्त पुत्र श्री लाल चन्द का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री हरीश कान्त पुत्र श्री लाल चन्द के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक ...... को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

सुनीता रानी धर्मपत्नी श्री सोमनाथ निवासी मकान नम्बर 292, वार्ड नम्बर 11, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुनीता रानी धर्मपत्नी श्री सोमनाथ निवासी मकान नम्बर 292, वार्ड नम्बर 11, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के रिश्तेदार शक्ति लाल पुत्र श्री हवेली राम दिनांक 25.12.1998 को स्वर्गवास हो चुके है व शक्ति लाल की माता भरावा देवी का देहान्त काफी अरसे पहले हो चुका । मृतक स्वर्गीय शक्ति लाल के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1- सुरजीत कौर पत्नी 2- सतीश कुमार पुत्र 3- कमल किशोर पुत्र 4- विजय कुमार पुत्र 5- पूनम पुत्री है। श्रीमती चंचल सहगल पार्षद वार्ड नम्बर 8 व लेखराज पटवारी हल्का द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### घर से निकली महिला हुई लापता

**बराड़ा।** एक महिला के रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई। शिकायकर्ता विनय कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 19 वर्षीय बेटी, तनु जो शादीशुदा है। वह उनके घर पर आई हुई थी। 4 मार्च 2024 अपने पति के पास जाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन वह अभी तक अपने ससुराल नहीं पहुंची। काफी तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तनु की तलाश शुरू कर दी है।

### श्री रविदास का संत समागम 21 को

**बराड़ा।** मुलाना-धनौरा रोड स्थित गुरु रविदास आश्रम गांव टंगैल में श्री गुरु रविदास जी महाराज का विशाल संत समागम रविवार 21 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। गद्दीनशीन महंत लक्ष्मी प्रकाश महाराज ने बताया कि सतगुरु बचनदास महाराज पावन याद में श्री गुरु रविदास आश्रम, ब्रह्मलीन महंत सतगुरु बचनदास चेरिटेबल सोसायटी टंगैल की तरफ से अमृतवर्षा कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संगत पहुंचेगी। इस अवसर पर मदन सिंह व सुरेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी रामपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। तोपखाना परेड के नानक चंद ने 12 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि छावनी के पास आरोपी ट्रक चालक ने उसकी साईकिल में टक्कर मार कर उसे घायल कर दिया था।

### आरोपी को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप को शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 4 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 सितंबर 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कार्तिक, सचिन, राहुल व संजय उर्फ बुगलू को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 जुलाई 2024 को आरोपी कार्तिक, सचिन, राहुल व संजय उर्फ बुगलु ने उसके पति व देवर की मोटरसाईकिल रोककर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### व्यक्ति पांच किलो चूरा पोस्त के साथ पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने पुराना हिसार रोड पर एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से पांच किलो चूरा पोस्त बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी।

## हाइवे बंद होने से वैकल्पिक रास्तों से वाहन चालकों को निकलना पड़ा

# हाइवे पर बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

### युवा किसान की रिहाई के लिए होना था घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बॉर्डर पर डटे किसान संगठनों की ओर से युवा किसान नवदीप सिंह जलबेहड़ा की रिहाई के लिए एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान किया था। हालांकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद नवदीप को देर शाम को ही अंबाला सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया था। इसके बावजूद किसानों ने एसपी ऑफिस के घेराव का निर्णय लिया था। इसके लिए किसान नेता लगातार अंबाला शहर की अनाजमंडी में तमाम किसानों को एकजुट होने की अपील कर रहे थे। किसानों के एकजुट होने से पुलिस व प्रशासन को कानून व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा था। इसी वजह से प्रशासन की ओर से यहां धारा 163 लगाई गई थी। किसी भी जगह पांच से ज्यादा लोगों को एकजुट होने की इजाजत नहीं दी गई थी। प्रशासनिक आदेशों के बावजूद किसानों ने शहर की अनाजमंडी में एकजुट होने का निर्णय लिया था। इसके बाद सभी किसानों ने एसी ऑफिस के घेराव की बात कही थी।

### रिहा किए गए सभी किसान नेता

मीटिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए सभी किसानों को रिहा कर दिया। दरअसल सुबह ही पुलिस ने किसानों के घेराव को फेल करने के लिए भाकियू शहीद भगत सिंह के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद पुलिस सभी किसान नेताओं को अपने साथ ले गई। इस बात किसान भड़क गए। किसानों ने साफ कहा कि जब तक सहयोगियों की रिहाई नहीं होती तब तक वे हाइवे से पीछे नहीं हटेंगे। सहमति के बाद पुलिस ने सभी किसान नेताओं को रिहा कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के प्रवक्ता बहादुर ने बताया कि किसानों को रिहा कर दिया गया है। प्रशासन ने उन्हें अंबाला शहर अनाज मंडी में बैठक करने की भी इजाजत दी है।

### वाहनों को निकालने की अपील की

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कई किसान नेताओं को हिरासत में लिए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया था। उन्होंने घेराव से पहले प्रशासन के सामने दो मांगें रखी। एक तो हिरासत में लिए गए किसान नेताओं को तुरंत रिहा किया जाए। दूसरा युवा किसान नेता नवदीप जलबेहड़ा रिहाई के बाद अंबाला शहर की अनाज मंडी में रखी बैठक में उन्हें शामिल होने दिया। पंधेर ने इन मांगों को लेकर एसपी सुरेंद्र भौरिया से भी बातची की थी। तब एसपी ने उन्हें उच्चाधिकारियों से बात करने की सलाह दी थी। पंधेर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग हाइवे के एक तरफ रहें ताकि वाहन चालकों को किसी तरह की दिक्कत न हो। किसान नेता तेजबीर सिंह ने कहा कि पंजाब बॉर्डर से हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों को हिरासत में लेने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए पंजाब सरकार को जवाब देना होगा। हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना चाहते हैं।


हाइवे पर किसानों को रोकने के लिए बंदोबस्त का जायजा लेते एसपी सुरेंद्र भौरिया


तैनात सुरक्षा बल के जवान।


संबोधित करते किसान नेता सरवण सिंह पंधेर।


हाइवे पर जमा किसानों का दृश्य

### जश्न के साथ हुई रिहाई

तीन महीने से अंबाला सेंट्रल जेल में बंद युवा किसान नवदीप सिंह जलबेहड़ा की बीते रोज देर शाम रिहाई हो गई थी। बड़ी संख्या में किसान जेल के बाहर जमा हो गए थे। नवदीप के मामले की पैरवी कर रहे एडवोकेट रोहित जैन खुद जेल के बाहर पहुंचे थे। इस दौरान नवदीप ने कहा कि वे अपना हक लेकर रहेंगे। जेल व पुलिस की ज्यादतियां उनका हौसला नहीं तोड़ सकती। किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा था कि नवदीप की रिहाई के बावजूद मंडी में तय कार्यक्रम होगा। इसमें युवा किसान को सम्मानित किया जाएगा। बाद में किसानों ने शंभू बॉर्डर पर युवा किसान नवदीप को सम्मानित किया।

# पानी निकासी के लिए कब्जे हटाने के आदेश


शहजादपुर। बरसाती पानी की निकासी का जायजा लेते हुए एसडीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

एसडीएम यश जालुका ने बुधवार को गांव शहजादपुर व माजरा का दौरा किया। यहां बरसाती नालों से होने वाली पानी की निकासी का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने देखा कि कई लोगों द्वारा नालों के ऊपर व आसपास अवैध कब्जा किया हुआ है। इससे बरसाती पानी अवरूद्ध हो चुका है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों की परेशानी को देखते हुए एसडीएम ने स्वयं संज्ञान लेते हुए शहजादपुर व माजरा में बरसाती नालों व आस पास सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जा धारकों को तुरंत हटाने के आदेश दिए। उन्होंने बीडीपीओं शहजादपुर व कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) को निर्देश दिये है कि अवरूद्ध बरसाती पानी की निकासी तुरंत करवानी सुनिश्चित करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। थाना प्रबंधक शहजादपुर को भी निर्देश दिये है कि वे अवैध कब्जा धारकों को इन आदेशों की प्रति तामिल करवाकर आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाएं। यदि कोई अपना पक्ष रखना चाहता है तो वह 19 को प्रातः 11 बजे अपना पक्ष रख सकता है लेकिन इस दौरान किसी भी प्रकार का पानी की निकासी अवरूद्ध नहीं होनी चाहिए।

### मौनसून में लोग नहीं होंगे परेशान

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के संबंध में एसडीएम द्वारा दिए गए आदेश की पालना सुनिश्चित की जाएगी। बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो इसके लिए जो भी कदम उठाने वे उठाए जाएंगे और कहा की इस बार लोगों को बरसात के मौसम में कोई परेशानी न उठानी पड़े इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

- बादशाही मस्जिद में आयोजित हुआ जिकरे सौहदा एक करबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बुधवार को अंबाला शहर की बादशाही मस्जिद में रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिकरे सौहदा ए करबला (मोहर्रम) कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसायटी के प्रधान मेराज आलम ने बताया कि यह देश में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाए जाने वाला प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह इस्लामी नए साल की शुरूआत का प्रतीक है। यह इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है। मुहर्रम का 10वां दिन जिसे आशूरा का दिन कहा जाता है। यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है। 2024 में मुहर्रम का 10वां दिन 17 जुलाई यानी (बुधवार) है। बादशाही मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए जिकरे इमाम हुसैन की महफ़िल सजाई गई। इसमें नात खानी फातिहा खानी हुई। मौलाना अंसार अहमद रज़ा ने बताया कि जो हक के नाम पर अल्लाह के रास्ते पर शहीद होते हैं कुरान पाक में पारा नंबर 4 रूकु नंब 8 पर अल्लाह फ़रमाते है वो लोग जिंदा हैं। उन्हें मुर्दा गुमान न करो। इस मौके पर छबील लगाई गई। लंगर भी तकसीम किया गया।मेराज अलाम ने बताया कि पूरी दुनिया के मुस्लमान मोहर्रम पर रोजा रखते हैं। मस्जिदों में इबादत करते हैं। मोहर्रम की 9वां 10वां तारीख का रोजा रखा उसके 1 साल के गुनाह का कफ्फारा हो जाता है। मुहर्रम और कर्बला का वाक्य हमारे दिलों को ज़ुल्म, कमजोर के साथ खड़े होने की सीख और ताक़त देता है क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे बड़ी नज़ीर दर्ज है।


अंबाला। मोहर्रम के दौरान मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कमेटी के मुख्य पदाधिकारी मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नौशाद, इसरार खान, अमीन, कलीम अशरफ, मोहम्मद नूर आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, मोहम्मद अबरार अहमद, मोहम्मद हामिद, मोहम्मद मासूम रजा, आदि मौजूद रहे।

# डोडा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

- दो मिनट का मौन रखकर आत्मिक शांति के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

वरिष्ठ नागरिक सभा की ओर से बुधवार को प्रधान संतोष गोयल की अध्यक्षता में स्थानीय लाला लाजपत राय भवन परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें गत दिन जम्मू कश्मीर, डोडा के जंगलों में एक आतंकी घटना में कैप्टन थापा सहित चार जवानों के वीर गति प्राप्त हुए थे। सभी जवानों को 2 मिनट का मौन रख व मरोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।आतंकी घटना की घोर निंदा करते हुए शहीद हुए चार रण बांकुरों के प्रति मोमबत्तियां जलाकर तथा 2 मिनट का मौन रखकर आत्मिक शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने सरकार को आतंकी घटनाओं के प्रति कड़े कदम उठाने व आतंकवाद को सख्ती से कुचलने का संदेश देते हुए ऐसी आतंकवादी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई करके रोक लगाने का अनुरोध भी किया। निसंदेह यह आतंकवादी घटनाएं पड़ोसी देश व कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों के सहयोग से अंजाम दी जा रही हैं।


बराड़ा। श्रद्धांजलि सभा में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बलवंत मेहता, सोहनलाल मेहंदीरत्ता, जयप्रकाश वर्मा, ओम प्रकाश ढींगरा, रजनीश मेहता, हंसराज, पूर्ण चंद, ओपी लांबा, राम खिलावन, डॉक्टर योगेश, भूपेंद्र जैन, साहब सिंह, सतीश बक्शी, सहित सभा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन करने का मौका

- देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ.शालीन ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो। वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# तालाब की खुदाई के दौरान रिहायशी भवन में दरारें आई

- सरपंच व सचिव पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

हेमामाजरा गांव में तालाब से खुदाई के बाद एक घर में दरारें आ गई। दरारें लेंटर, दीवारों और घर के आगे बरामदे में हैं जोकि बढ़ती जा रही है। पीडित को घर गिरने का भय सता रहा है। पीडित ने घर की इस हालत का आरोप ग्राम सरपंच व पंचायत सचिव पर लगाया है। आरोप है कि ग्राम सरपंच व सचिव ने मिली भगत से उसके घर के पीछे खुदाई की और मिट्टी को अपने चहेतों के यहां डलवा दी। पीडित ने सरपंच व सचिव के खिलाफ बीडीपीओ व पुलिस को शिकायत सौंपी है। पीडित रमेश कुमार ने बताया कि करीब एक महीने पहले उसके घर के पीछे तालाब से पंचायत ने खुदाई कराई गई । तालाब से पोकलेन मशीन के साथ काफी मात्रा में मिट्टी उठवाई गई है। जिसमें अब पानी भर गया है। इस खुदाई और उसमें पानी भरने से उसका घर नष्ट हो गया है। उसके घर की दीवारों व लेंटर में दरार आ गई है। घर के बाहर भी जमीन दरक गई है। अब मकान की दरारें बढ़ रही है। जिसके गिरने का भय बना हुआ है। अगर इसी प्रकार दरारे बढ़ती गई तो उसे परिवार सहित किसी अन्य जगह आश्रय लेना पड़ेगा । पुलिस ने मुआवजे की मांग की है। उधर बीडीपीओ सुशील मंगला ने बताया कि मामले की शिकायत मिली थी । मौके का मुआयना कराया गया है। जांच जारी है।


मुलाना। मौके पर आई दरारें दिखाते हुए ग्रामीण।

# प्रचार अभियान के तहत सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

- गीतों व भजनों के माध्यम से कलाकारों द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही : धर्मेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ के निर्देशानुसार विशेष प्रचार अभियान के तहत प्रदेश सरकार की साढ़े 9 सालों की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसके लिए विभागीय नियमित, अनुबंधित और सूचीबद्ध पार्टियां गांव-गांव में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गीतों व भजनों के माध्यम से कलाकारों द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अटल मजदूर कैंटीन, बेटियों के हित में चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, कन्यादान योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, अंत्योदय अन्न योजना, जनऔषधी केन्द्र, आयुष्मान कार्ड, हैप्पी कार्ड जैसी कई योजनाओं के बारे जानकारी दी जा रही है।

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी के अहवान पर बलोक कमेटी कैथल ने तीसरे दिन बुधवार को भी नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने की संचालन ब्लॉक सचिव विजय गिल ने की। धरना-प्रदर्शन मै सफाई,फायर व दफ्तर के कर्मचारी शामिल हुए। संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा , राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश,गौरव टांक विक्की टांक व ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने कहा कि राज्य सरकार व उसका प्रसाशन लगातार दलित कर्मचारिओ की अनदेखी कर रहा ह ओर दलित सफाई कर्मचारिओ को ठेकेदारो के रहमो करम पर छोड़ा जा रहा ह ठेकेदार कर्मचारिओ की जायेज माँगो को पूरा करने की बजाये राज्य सरकार व उसके प्रसाशन की सह पर इसका शोषण करके अपनी जेब भरने पे लगा हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### शोकाकुल परिवार से दुर्व्यवहार करने पर हवलदार लाइन हाजिर

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती में रात को शोकाकुल परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने पर बुधवार को आचार्य योगेंद्र के नेतृत्व में परिजन एसपी सुमित कुमार से मिले और कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने हवलदार लाइन हाजिर करने आदेश दिए हैं। आर्चाय योगेंद्र के नेतृत्व में एसपी सुमित कुमार से मिलने पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बुढ़ाबाबा बस्ती निवासी सुरजमल परिवार में चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। देर रात को परिजन व रिश्तेदार मकान का दरवाजा खुला छोड़ कर कुछ गली में तो कुछ अंदर बैठे हुए थे। उसी दौरान हवलदार राजीव अपने सहयोगी के साथ गश्त कर रहे थे। आरोप लगाया कि गश्त कर रहे हवलदार ने उनकी एक नही सुनी और उनके साथ गाली गलौज करते हाथापाई पर उतर आया।

## 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान

# समाधान शिविर में लोगों की सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। सरकार ने समाधान शिविर जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण करने की दिशा मे एक अनूठा एवं सार्थक कदम उठाया है, जिससे लोगों को बडी राहत है। इसी कडी मे बुधवार को डीसी कोर्टरूम मे समाधान शिविर लगाया गया। डीसी ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए वहां आए लोगों की एक-एक करके समस्याओं को सुना और अधिकत्तर समस्याओ का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने शिविर में मौजूद विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि वह समाधान शिविर की प्रत्येक समस्या को गंभीरता से ले और उनका समाधान तय समय मे समयबद्ध होकर करवाना सुनिश्चत करें। डॉ. शालीन ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार लोगो की समस्याओं का जल्द समाधान करने के उदेश्य से जिले मे जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया जा रहा है। बुधवार को जिले में कुल 14 शिकायतें आई जिनमें से 10 शिकायतों का तत्काल समाधान कर दिया गया। शेष 4 शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।


अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते डीसी डॉ. शालीन व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, नगर निगम सयुंक्त आयुक्त अदिति, डीआरओ योगेश कुमार, डीएफएसई अपार तिवारी, डीडब्लयूओ अनु बंसल, एक्सईएन बिजली विभाग मोहित दहिया, एसडीओ पब्लिक हेल्थ आरएस गर्ग, इंस्पेक्टर राकेश मणि के साथ- साथ अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।